NAVAJYOTI
सच्चा हमसफर
नवज्योति

# तेल आयात पर ड्यूटी बढ़ाना किसानों के हित में: डाटा

न्यूज सर्विस

अलवर, 25 सितम्बर। संस्था दी साल्वेंट एक्स ट्रेक्टर्स ऑफ इण्डिया (मुम्बई) के नवनियुक्त अध्यक्ष उद्योगपति विजय डाटा का मानना है कि देश में तेल उद्योग के समक्ष अनेक चुनौतियां बनी हुई हैं। देश में तेल उत्पादन बढ़े और आयात पर निर्भरता कम हो ऐसा प्रयास करना चाहिए। उद्योगपति विजय डाटा आज पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। हाल ही में तेल उद्योग की शीर्ष संस्था दी साल्वेंट एक्सट्रेक्टर्स ऑफ इण्डिया के विजय डाटा राजस्थान से पहली बार अध्यक्ष चुने गए हैं। उनका कार्यकाल दो वर्ष रहेगा। इस संस्था में देश-विदेश के करीब नौ सौ सदस्य हैं। संस्था की मुम्बई में आयोजित सेमीनार में विश्वभर के सदस्यों ने भाग लिया और तेल उद्योग से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा की। डाटा ने बताया कि देश में अगले वर्षों में तेल की

खपत प्रति व्यक्ति और बढ़ेगी, जबकि देश में तेल की उत्पादकता विश्व में अन्य देशों की तुलना में कम है। अभी भी तेल की आपूर्ति खपत का 50 या 60 प्रतिशत आयात करना पड़ता है। इसलिए संस्थान से सुझाव रखा है कि आयात पर ड्यूटी बढ़ाई जाए ताकि देश के किसानों को उत्पादन का अच्छा मूल्य मिल सके। इसके अलावा संस्था में यह सुझाव भी रखे गए कि कैसे देश में वैज्ञानिक खेती को बढ़ावा देकर तिलहन उत्पादन बढ़ाया जाए। डाटा ने देश में रिटेल क्षेत्र में विवादित एफडीआई मुद्दे पर कहा कि खुदरा क्षेत्र में एफडीआई से किसानों को सीधा फायदा मिलेगा और जैसा कि वह अभी तक कृषि मण्डियों के माध्यम से अपना उत्पाद बेचने को बाध्य था, वह बाध्यता समाप्त होगी।

किसान से रिटेलर सीधे उत्पाद खरीद सकेंगे। इससे किसानों को ही नहीं उपभोक्ताओं को भी इसका फायदा मिलेगा। एक सवाल के जवाब में उद्योगपति विजय डाटा ने कहा कि विश्व में प्रति हैक्टर जो उत्पादकता है, उसे देखते हमारे देश में कुछ भी नहीं। अगर खेती में वैज्ञानिक और आधुनिक तरीके इस्तेमाल हो तो हमारे देश में भी उत्पादन बढ़ सकता है।

करौली : 07464-220776, भरतपुर : 9414291739, हिण्डौन सिटी : 9887156561, अलवर : 0144-2342444, धौलपुर : 9413310893, लक्ष्म
9414376323, तिजारा : 7665131696,, गोविंदगढ़ : 9829439991, बयाना : 992931476